# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 04 जून 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 48 हजार 814 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 2.9 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 04 जून को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 2.9 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 48 हजार 814 सैंपलों की जांच में से 1460 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर घटकर 2.9 प्रतिशत पर पहुंची, बीते ढाई महीने में सबसे कम संक्रमण दर

- प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति में लगातार सुधार आ रहा है। इस पर नियंत्रण के लिए राज्य शासन द्वारा उठाए जा रहे प्रभावी कदमों से पॉजिविटी दर में दिन-ब-दिन गिरावट आ रही है। अभी प्रदेश की पॉजिटिविटी दर (3 जून को) घटकर 2.9 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पिछले ढाई महीने के दौरान यह संक्रमण की सबसे निम्न दर है। पिछली बार 19 मार्च को पॉजिटिविटी दर 2.9 प्रतिशत थी।

- अभी प्रदेश के 28 में से 23 जिलों में संक्रमण की पॉजिविटी दर (28 मई से 03 जून) 1 प्रतिशत से 5 प्रतिशत के बीच है। कांकेर, कबीरधाम व राजनांदगांव जिले में अभी संक्रमण की दर 1 प्रतिशत, बेमेतरा, दुर्ग व नारायणपुर जिले में 2 प्रतिशत, बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, सरगुजा, मुंगेली व कोरबा जिले में 3 प्रतिशत, जशपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बालोद, दंतेवाड़ा, कोरिया, गरियाबंद जिले में 4 प्रतिशत, रायगढ़, बस्तर, बलरामपुर व कोण्डागांव जिले में 5 प्रतिशत है।

## मुख्य सचिव ने कोरोना टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए

- मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज मंत्रालय (महानदी भवन) में कोविड–19 टीकाकरण कार्यक्रम के लिए गठित राज्य स्तरीय स्टेरिंग कमेटी की तीसरी बैठक हुई। मुख्य सचिव ने बैठक में टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के साढ़े तीन लाख अधिकारियों–कर्मचारियों से अपील की है वे इस मुहिम में दूत बनकर नागरिकों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें।
- मुख्य सचिव श्री जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कोरोना से बचाव के टीके की पहली खुराक ले चुके लोगों को समय पर दूसरी खुराक देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामवार व तहसीलवार क्षेत्रों का चिन्हांकन कर लोगों को टीके का दूसरा डोज लगवाना सुनिश्चित करने कहा।

## आज दिनांक 04 जून 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,96,944 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 3051 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 371, बीपीएल के 1383, एपीएल के 1161 फ्रंटलाइन वर्कर के 136 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 1460 |
| | | कुल | 978220 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 438 |
| | | कुल* | 159773 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 2750 |
| | | कुल* | 778308 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 3188 |
| | | कुल | 938081 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 26977 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 23 | कोविड–19 | 15 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 8 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

| |
|---|
| आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 48,814 |

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 04-06-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 41 | 95674 | 1 | 13911 | 69 | 79282 | 93193 | 710 | | 1771 |
| 2 | राजनांदगांव | 13 | 55640 | 13 | 12487 | 39 | 42224 | 54711 | 427 | 1 | 502 |
| 3 | बालोद | 35 | 26740 | 34 | 8797 | 37 | 17030 | 25827 | 534 | | 379 |
| 4 | बेमेतरा | 16 | 19661 | 2 | 3233 | 1 | 15665 | 18898 | 533 | | 230 |
| 5 | कबीरधाम | 18 | 22551 | 0 | 2273 | 59 | 19599 | 21872 | 414 | | 265 |
| 6 | रायपुर | 71 | 156214 | 60 | 30004 | 41 | 122293 | 152297 | 809 | 3 | 3108 |
| 7 | धमतरी | 87 | 26368 | 17 | 2575 | 41 | 22408 | 24983 | 862 | 1 | 523 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 80 | 41869 | 15 | 8529 | 144 | 31397 | 39926 | 1496 | | 447 |
| 9 | महासमुंद | 74 | 30729 | 11 | 3900 | 83 | 25440 | 29340 | 1041 | 1 | 348 |
| 10 | गरियाबंद | 15 | 19239 | 1 | 3435 | 41 | 15065 | 18500 | 552 | 1 | 187 |
| 11 | बिलासपुर | 23 | 64752 | 26 | 7205 | 84 | 55990 | 63195 | 364 | 1 | 1193 |
| 12 | रायगढ़ | 104 | 61354 | 46 | 12108 | 171 | 46126 | 58234 | 2176 | 2 | 944 |
| 13 | कोरबा | 57 | 53680 | 22 | 4728 | 119 | 47158 | 51886 | 1241 | 1 | 553 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 69 | 55726 | 8 | 7741 | 168 | 45479 | 53220 | 1727 | 3 | 779 |
| 15 | मुंगेली | 19 | 23655 | 14 | 957 | 89 | 21548 | 22505 | 987 | | 163 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 21 | 11794 | 10 | 761 | 59 | 10201 | 10962 | 690 | 1 | 142 |
| 17 | सरगुजा | 91 | 32600 | 10 | 3826 | 215 | 26559 | 30385 | 1979 | 1 | 236 |
| 18 | कोरिया | 60 | 25913 | 15 | 1628 | 397 | 22493 | 24121 | 1627 | | 165 |
| 19 | सूरजपुर | 97 | 28211 | 1 | 1948 | 288 | 23865 | 25813 | 2183 | | 215 |
| 20 | बलरामपुर | 59 | 19541 | 1 | 1439 | 203 | 16427 | 17866 | 1561 | 1 | 114 |
| 21 | जशपुर | 117 | 25504 | 55 | 4635 | 183 | 19100 | 23735 | 1573 | 4 | 196 |
| 22 | बस्तर | 67 | 19193 | 11 | 4540 | 34 | 13229 | 17769 | 1247 | | 177 |
| 23 | कोंडागांव | 32 | 12320 | 12 | 1671 | 63 | 10020 | 11691 | 535 | | 94 |
| 24 | दंतेवाडा | 33 | 9826 | 15 | 4217 | 32 | 5308 | 9525 | 279 | | 22 |
| 25 | सुकमा | 82 | 6235 | 26 | 3598 | 19 | 2391 | 5989 | 231 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 14 | 22766 | 10 | 3347 | 46 | 18776 | 22123 | 431 | 2 | 212 |
| 27 | नारायणपुर | 28 | 3557 | 0 | 2791 | 4 | 671 | 3462 | 84 | | 11 |
| 28 | बीजापुर | 36 | 6212 | 2 | 2943 | 21 | 2564 | 5507 | 664 | | 41 |
| 0 | अन्य राज्य | 1 | 696 | 0 | 546 | 0 | 0 | 546 | 20 | | 130 |
| | **महायोग** | **1460** | **978220** | **438** | **159773** | **2750** | **778308** | **938081** | **26977** | **23** | **13162** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

**मीडिया प्रभारी**
**राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर**
**(COVID19)**



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

